# स्तन सम्बन्धी रोग (Breast Disorder)

**स्तनशोथ एवं स्तन फोड़ा (Mastitis & Breast Abscess)**

**परिभाषा (Definitions)**

**स्तनशोथ (Mastitis)**

- स्तनों के प्रदाह को स्तनशोथ कहते हैं |
- स्तन फोड़ा (Breast abscess) यह Superficial mastitis की जटिल अवस्था है जो कि स्तन पर घाव या फोड़ा द्वारा चरितार्थ होती है |

**कारण (Causes) -**

- Mastitis रोगजनक जीवाणुओं द्वारा संक्रमण के कारण होता है |
- Staphylococcus aureus (most common)
- Staphylococcus epidermidis
- Streptoccus sps.
- Mastitis होने की संभावना निम्न परिस्थितियों में अधिक होती है-
- प्रसव पश्चात् (Postpartum or Puerperium)
- पीछे की ओर मुड़े हुए चुचक (Retracted nipple)
- टी.बी. (Tuberculosis)
- गलसुआ (Mumps)
- स्तन में दरार होना (Fissure in breast)
- भावनात्मक चोट लगना (Emotional trauma)
- Tight bra का उपयोग
- अनियमित स्तनपान

**लक्षण (Symptoms)**

- बुखार (Pyrexia)
- कठोर स्तन (Tenderness in breast)
- सूजन (Swelling)
- स्तनों में भराव होना (Breast engorgement)
- दर्द होना (Pain in breast)
- स्तनों में असहजता (Breast discomfort)

**उपचार (Treatment)**

- Mastitis की Severity (गंभीरता) का पता लगाने के लिए Breast Examination किया जाता है |
- Nausea एवं Vomiting होने पर anti-emetic drug देनी चाहिए |
- संक्रमण होने पर (antibiotic therapy (penicillin) दी जानी चाहिए |
- रोगी को penicillin के प्रति resistant होने पर erythromysin या kenamycin का उपयोग किया जाता है |
- Pain को Releive करने के लिए Analgesic provide करना चाहिए |
- Breast abscess  के निर्माण को रोकने के लिए तुरंत उपचार करना चाहिए |
- breast pain को कम करने के लिए बर्फ द्वारा स्तनों की सिंकाई की जानी चाहिए |

- यदि mastitis एवं breast abscess का कारण alveoli में milk accumulation हो तो इसे release करने के लिए Oxytocin nasal spray का उपयोग करना चाहिए |
- Breast engorgement को releive करने के लिए milk का manually removal या expression करना चाहिए |
- Cracked nipple या nipple में दरार (Fissure) होने पर इस पर चिकनाई युक्त Cream लगाना चाहिए |
- संक्रमण होने पर स्तनपान नहीं कराना चाहिए |
- रोगी को उपर्युक्त Size की Bra पहनने के लिए कहें जिससे Breast को Support provide किया जा सके ताकि अनावश्यक Pain उत्पन्न होने से रोका जा सके |
- रोगी को Breast की hygiene maintain करने के लिए encourage किया जाता है |
- Breast abscess का drainage किया जाता है एवं रोगी को ganeral anesthesia दिया जाता हैं |
- रोगी General Care की जाती है |

## स्तन अतिभराव (Breast Engorgement)

- प्रसव के पश्चात् 2-3 दिन बाद स्तनों में दूध का निर्माण बढ़ाने लगता है, यदि स्तनपान न कराया जाए या कम कराया जाए या शिशु किसी वजह से दूध न पी पाए |
- होंठ विदलन (Cleft Lip):- अत्यधिक कम भार (extremely LBW) या गंभीर रूप से बीमार (Severely ill) होने के कारण फीडिंग नहीं कर पाए तो यह दूध स्त्रावी कोशिकाओं (alveoli) में जमा होने लगता है |

जब दूध का संग्रहण, स्त्रावी कोशिकाओं की क्षमता से अधिक होने लगता है तो स्तन कठोर, गर्म, दर्द्युक्त एवं सूजनयुक्त हो जाते हैं | ऐसी स्थिति को स्तन अतिभराव कहते हैं

सामान्यतः स्तनपान से पूर्व भी स्तन भरे हुए होते हैं तब उन्हें पूर्ण स्तन (Full breast) कहते हैं |

| **पूर्ण स्तन** | **अभिभरित स्तन** |
|---|---|
| गरम | दर्दयुक्त |
| भारी | सूजनयुक्त |
| कठोर | सख्त विशेषतः स्तनाग्र (स्तन का अगला भाग) |
| दूध स्त्राव उपस्थित | अनुपस्थित |
| बुखार नही | बुखार |
| दूध से भरा हुआ | दूध के साथ ऊतक द्रव एवं रक्त से भरा हुआ |

इस समस्या के समाधान हेतु निम्न उपाय करते हैं :-

इससे बचाव हेतु

- शीघ्र स्तनपान
- बार-बार स्तनपान
- सही स्थिति एवं लगाव में स्तनपान
- ऑक्सीटोसिन रिफ्लेक्स को उद्दीप्त कर दूध स्खलन को प्रेरित करने हेतु गुनगुने पानी से भीगा कपड़ा स्तनों पर रखते हैं या गुनगुने पानी से नहलाते हैं |

- ➢ दर्द के लिए दर्दनिवारक
- ➢ स्तनों को धीरे से दबाकर या स्तन पम्प द्वारा दूध निकालते हैं एवं उसके बाद शिशु को सही स्थिति एवं लगाव में स्तनपान कराने हेतु माँ को समझाते एवं प्रेरित करते हैं |
- ➢ उपर्युक्त तरीके से निकाले गए दूध (Expressed breast milk या EBM) को बाद में कटोरी-चम्मच से शिशु को पिलाते हैं |
- ➢ स्तनपान के पश्चात् सूजन को कम करने हेतु ठंडे पानी से भीगा कपड़ा या पट्टियाँ स्तनों पर रखते हैं |

## स्तन में गाँठ (Breast Tumor)

यह एक असामान्य स्थिति में हैं जिसमें स्तन में गाँठ का निर्माण हो जाता है परन्तु यह Benign अर्थात कैंसर रहित होती है |

**कारण (Causes)**

- जन्मजात (Congenital)
- संक्रमण (Infection)
- चोट लगना (Trauma)
- हार्मोन विकार (Hormonal imbalance)
- रजोनिवृत्ति (Menopause)
- स्तनों में क्रमिक दर्द होना |
- कंधों एवं ऊपरी बाँह में दर्द होना
- सूजन
- दुग्ध वाहिनियों का विस्तारण
- Nodules in breast with thickness called lumppiness
- दूध एवं रक्त स्त्राव मिश्रित होना
- चुचुक सिकुड़ना
- स्तनों में जलन होना
- खुजली
- प्रभावित स्थल पर संक्रमण
- Thick greenish-black discharge in "Ductectasia"
- स्तनों में कड़ापन
- स्तनों की त्वचा झुर्रीदार होना

**प्रकार (Types)**

Breast tumors के विभिन्न प्रकार हैं

1. **Fibrocysts-** सबसे सामान्य Benign breast tumors है | हार्मोन के स्तर में परिवर्तन के कारण स्तनों में गांठों का निर्माण हो जाता है |
2. **Fibroadenomas** - ये most common benign female breast tumour है | 25 वर्ष की आयु के बाद होता है यह गाँठ 15 cm आकार तक विस्तृत हो सकती है |
3. **Intraductal Papilloma-** इसका निर्माण मुख्यतः alveolar ducts में होता है |
4. **Duct ectasia-** यह मुख्यतः Perimenopausal या Postmenopausal होता है |

5. **Galactocoeles -** इनका निर्माण प्रायः Lactation के बाद होता है एवं इनकी उपस्थिति का पता thick milky, fluid secrection द्वारा लगाया जा सकता है |
6. **Cystosarcoma phyllodes -** यह firm smooth slow growing tumor होता है जिनका आकार 5 cm या सबसे अधिक होता है | यह प्रायः 40 वर्ष की आयु के बाद होता है |

**निदान (Dignosis)**

- History Collection
- Breast examination
- Bimanual Palpation of breast
- Mammography
- Core biopsy
- Open biopsy
- MRI
- CT scan
- USG of breast
- FNAC
- X-ray
- Blood investigation
- Serum Hormone Level

**प्रबंध (Management)**

- Breast tumor की type एवं Size के लिए Procedure किए जाते है |
- Caffeine नहीं लेना चाहिए |
- Supplementary Vit. A दिया जाना चाहिए |
- रोगी में प्रदाह प्रक्रिया को नियंत्रित करने के लिए Oral contraceptves एवं NSAID के रूप में ibuprofen दी जानी चाहिए
- Premenstrual mastalgia के उपचार के लिए diureties का उपयोग किया जाना चाहिए |
  - Progestins
  - Tamoxifen
  - Bromocriptine
- रोगी में infection की रोकथाम के लिए antibiotic drugs provide की जानी चाहिए |
- Duct etasia की स्थिति में Surgical biopsy की जाती है |
- Galactocoele की स्थिति में simple needle aspiration किया जाता है एवं यदि पुनः उत्पन्न होते है तब इसका excision कर दिया जाता है |
- Cystosarcoma phyllodes का उपचार Surgical excision (बाहर निकालना) होता है |
- Breast Tumor का उपचार करते समय रोगी का Hospitalization किया जाना चाहिए एवं रोगी की general Care की जानी चाहिए |

**स्तन कैंसर (Breast Cancer)**

Breast Cancer स्त्रियों में पाये जाने वाला Common invasive cancer हैं | स्त्री में स्तन कैंसर होने की संभावना 12 में से 1 में होती है जिसका अनुपात लगातार बढ़ता जा रहा है | Breast Cancer की संभावना आयुवृद्धि के साथ-साथ बढ़ती जाती है एवं 50 वर्ष की आयु के बाद बहुत अधिक होती है | स्तन कैंसर होने की संभावना Female में male की तुलना में 100 गुना अधिक होती है |

**Special Points**

स्त्रियों में Breast Cancer, Lung Cancer के पश्चात् कैंसर के कारण होने वाली मौतों का दूसरा प्रमुख कारण है |

**Ist Killer- फेफड़ों का कैंसर (Lung Cancer)**

**IInd Killer-स्तन का कैंसर (Breast Cancer)**

**IIIrd Killer- गर्भाशयी ग्रीवा कैंसर (Cervical Cancer)**

परिभाषा- स्तनों में कैंसर कोशिकाओं की
उपस्थिति एवं वृद्धि स्तन कैंसर कहलाती हैं |

<u>**कारण एवं जोखिम कारक**</u>

- शरीर में BRCA-I व BRCA-2 जीन की उपस्थिति
- स्तन कैंसर का पारिवारिक इतिहास होना
- लम्बे समय तक मासिक धर्म होना
- Early menarche एवं Late menopause
- बाँझपन
- Late Pregnancy
- Prior breast Cancer
- गर्भाशय एवं अंडाशय में कैंसर होना
- विकिरण संपर्क
- इस्ट्रोजन थेरेपी
- मोटापा
- पहले से स्तन में गाँठ होना
- बार - बार स्तन प्रदाह होना
- शराब एवं धूम्रपान
- नशे का आदि होना

<u>**लक्षण (Clinical Manifestation)**</u>

Cancer के warning sign निम्न प्रकार हैं -

- स्तन में गाँठ होना (Lump or mass in breast)
- स्तन के आकार में परिवर्तन
- स्तन की त्वचा में निम्न परिवर्तन देखने को मिलते हैं जैसे - thickening, scaly, Dimpling, edema, ulceration, warm or hot.
- स्तन से असामान्य स्त्राव आना
  Greenish black

White & Creamy
Serous or bloody

- Nipple में निम्न changes हो जाते हैं -

- Itching
- Burning
- Erosion
- Retraction

- स्तन में दर्द होना (Pain in Breast)
- रक्त में कैल्शियम की मात्रा बढ़ना (Hypercalcemia)
- प्रभावित्त स्तन की तरफ की बांह में सूजन होना (edema of arm with breast edema)

**निदान (Diagnosis)**

- History Collection
- Breast Self – examination (BSE)
- Mammography
- Biopsy
- Computed Tomography
- Alkaline Phosphatase Levels
- Liver Function test (LFT)

**प्रबंध (Management)**

(1) रसायन उपचार (Chemotherapy)
(2) Radiotherapy

**Surgery**

(1) Breast Cancer का निदान होने पर इसका उपचार किया जाता है |
(2) Surgery में कैंसरग्रस्त ऊतक के साथ आस-पास के healthy tissue जिससे cancer विकसित होने की संभावना होती है, उसको भी remove कर दिया जाता है |
(3) Breast Cancer की 3rd एवं 4th stage में शल्यक्रिया द्वारा सम्पूर्ण स्तन को काट के हटा दिया जाता है |